# "स्पंदन"

## समाचार - पत्रिका

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, (चाचियावास) अजमेर का त्रैमासिक समाचार पत्र

(सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 1958 के अन्तर्गत पंजीकृत संस्था पंजीयन सं.19/अजमेर/87-88)

केवल निजी वितरण हेतु | अंक (55) वर्ष (17) | अप्रेल 2022 से जून 2022




दिनांक 30 अप्रेल 2022 को श्रीमान् रविन्द्र जैन ( आई.ए.एस. ) एसडीएम ब्यावर द्वारा संस्था निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक को कोविड-19 वैक्सीनेशन में उत्कृष्ट कार्य हेतु सम्मानित किया गया।

प्रिय पाठकों सादर अभिनन्दन!

संस्था परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाओं के साथ स्पन्दन का यह अंक आपके समक्ष प्रस्तुत है। हमें खुशी है कि पिछले अंक को आपने बहुत पसन्द किया। हमने प्रयास किया था कि संस्था के मुख्य कार्यक्रम दिव्यांगजन के शिक्षण-प्रशिक्षण व पुनर्वास के साथ-साथ, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल अधिकार व बाल संरक्षण, आजीविका संवर्धन आदि के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों की संक्षिप्त व सहज जानकारी आप लोगों को उपलब्ध कराई जा सके।

हमारे विभिन्न हितभागियों और आपसे हमें लगातार फीड बैक मिल रहा है कि स्पन्दन में दी गई जानकारी दिव्यांगो को उनके विकास एवं कल्याण के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से जोड़कर लाभ दिलाने में बहुत अधिक उपयोगी साबित हो रही है। विशेष रूप से दिव्यांगजन के रोजगारोन्मुखि प्रशिक्षण कार्यक्रम को सराहा गया है।

आपके सटीक फीडबैक एवं प्रेरणा से न केवल हमारा उत्साहवर्धन हुआ है बल्कि हम अपने कार्य में निरन्तर गुणवत्ता लाने का प्रयास भी कर रहें है। संस्था की उपलब्धि रही है कि इस समयावधि में संस्था को तीन बार अलग-अलग मंचों पर सम्मानित किया गया है जिसकी विस्तृत जानकारी भी आपसे साझा करते हुए अपार हर्ष हो रहा है। पिछले त्रैमास अप्रेल से जून 2022 के अन्तर्गत संस्था द्वारा की गई गतिविधियों की झलक स्पन्दन के इस अंक में प्रस्तुत करते हुए आशा है कि आप सबका स्नेह और सहयोग निरन्तर मिलता रहेगा।

"सम्मान का आभार"

मुख्य सम्पादक


**सम्पादक मण्डल**

मुख्य सम्पादक : राकेश कुमार कौशिक

: सम्पादन समिति :

क्षमा आर. कौशिक, तरूण शर्मा, नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह चौहान, ईश्वर शर्मा




दिनांक 01.04.2022 को श्रीमती क्षमा आर कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी को डॉ. समित शर्मा, शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा विधिक सुरक्षा प्रमाण पत्र ( राष्ट्रीय न्यास अधिनियम के तहत ) की सुविधा में सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।




दिनांक 2 मई 2022 को जवाहर रंगमंच अजमेर में आयोजित भगवान परशुराम समारोह समिति के प्रतिभा सम्मान समारोह में अनन्त विभूषित जगद्गुरू निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्यामशरण देवाचार्य श्री 'श्रीजी महाराज तथा राजस्थान सरकार के पूर्व चिकित्सा मंत्री डॉ. रघुशर्मा एवं पूर्व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. अरूण चतुर्वेदी द्वारा श्री राकेश कुमार कौशिक, निदेशक राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास को सम्मानित किया गया।

# सुर्खियां अप्रेल 2022 से जून 2022





**दिव्यांगजनों की सेवा से मानव जीवन सफल होता है : डॉ.समित शर्मा** दिनांक 01 अप्रेल 2022, संस्था में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, अजमेर के तत्वाधान मे अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा शासन सचिव, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग (राजस्थान सरकार), श्री प्रफुल्ल चन्द चौबिसा (उपनिदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग अजमेर) श्री रजत गुप्ता, जिला परिवीक्षा अधिकारी, श्री राकेश कुमार कौशिक, निदेशक आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शर्मा द्वारा विशेष योग्यजन को 5 व्हीलचेयर, 5 हियरिंग ऐड, 5 शिक्षण अधिगम सामग्री किट वितरित किए।




**नवसंवत्सर कार्यक्रम** : दिनांक 1 अप्रेल 2022 को मीनू स्कूल व सागर कॉलेज चाचियावास एवं नगर निगम अजमेर द्वारा आयोजित नवसंवत्सर मेले में शहीद भगत सिंह की झांकी सजा कर देश भक्ति का संदेश दिया। दिव्यांग छात्रा पायल सेनी ने भारत माता, छात्र शंकर ने सुखदेव, हर्षित ने भगत सिंह, सतीश रेगर, राजगुरू की भूमिका निभाई। संस्था कार्यकर्ता श्रीमती पद्मा चौहान, श्री लक्ष्मण सिंह चौहान, श्री ईश्वर शर्मा, श्रीमती सीमा मालोदिया, श्रीमती मंजू शर्मा, कु. बरखा गहलोत आदि ने भाग लिया।



**कक्षा 8 विदाई समारोह** : दिनांक 6 अपेल 2022, मीनू स्कूल चाचियावास में आठवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि डॉ. पार्थ सिंह सह आचार्य, मनोरोग व नशामुक्ति जे. एल.एन. अजमेर, डॉ. प्रेमप्रकाश जे.एल.एन अजमेर, श्रीमती क्षमा.आर. कौशिक श्री राकेश कुमार कौशिक द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों ने विदा होने वाले बच्चों को उपहार देकर कर सम्मानित किया । कार्यक्रम में बच्चों ने सामुहिक व एकल नृत्य प्रस्तुत






**योगा थैरेपी कोर्स का शुभारम्भ** : दिनांक 09 अप्रेल 2022, संस्था द्वारा संचालित सागर कॉलेज में एक वर्षीय पी.जी योगा थैरेपी डिप्लोमा कोर्स का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य सोमदेव आर्य (स्वामी आत्मानंद वैदिक गुरूकुल, सवाईमाधोपुर) विशिष्ट अतिथि श्री विश्वास पारीक, श्री राकेश कुमार कौशिक, श्रीमती क्षमा आर. कौशिक, अनुराग सक्सेना, डॉ. भगवान सहाय शर्मा आदि ने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम मे मीनू स्कूल व सागर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया व योग की प्रेरणा ली। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षणार्थियों को योगामेट भेंट किये गये। कार्यक्रम मे ईश्वर शर्मा, भंवर सिंह गौड़ (योगा थैरेपिस्ट), डॉ.विक्रान्त बोयत, राजविन्दर कौर, डॉ. ज्योति यादव, मंजू शर्मा, बरखा गहलोत, सीमा मालोदिया, मंजुला कंवर आदि उपस्थित रहे।




**थिंक इक्वल प्रशिक्षण का आयोजन**: दिनांक 12 से 13 अप्रेल 2022 संस्था द्वारा संचालित समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती मंजूश्री एवं श्रीमती मानवी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के 13 कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में आंगनबाडी केन्द्र के बच्चों के साथ बेहतर कार्य से सबंधित बिन्दुओं पर क्षमतावर्धन किया गया ।



**हनुमान जयन्ति** : दिनांक 16 अप्रेल 2022, मीनू स्कूल व सागर कॉलेज चाचियावास द्वारा संस्था में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने हनुमान, राम, सीता, लक्ष्मण का रूप धारणकर झांकी निकाली एवं मन्दिर में पूजा व महाआरती की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मख्य अतिथि श्री हरीश कुमार शर्मा, संयुक्त विधि सलाहकार मुद्रांक एवं पंजीयक विभाग, अजमेर द्वारा किया गया। खानपुर डीजल्स पेट्रोल पम्प लोहागल की ओर से बच्चों को प्रसाद वितरित किया गया।




**विश्व पुस्तक दिवस** : दिनांक 23 अपेल 2022, सागर कॉलेज व मीनू स्कूल चाचियावास द्वारा विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमती क्षमा आर. कौशिक सचिव एवं मुख्य कार्यकारी, श्री राकेश कुमार कौशिक निदेशक, श्री तरूण शर्मा अति. निदेशक द्वारा किया गया। पुस्तक दिवस के उपलक्ष में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे मीनू स्कूल के विद्यार्थियो ने भाग लिया इसी प्रकार सागर कॉलेज के विद्यार्थियो ने वर्तमान समय मे पुस्तको की प्रासंगिकता पर निबन्ध प्रतियोगिता के माध्यम से अपने विचार लिखे।




**भीमराव अम्बेडकर जयंति** : दिनांक 13 अप्रेल 2022 संस्था में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंति मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री अशोक परिहार, अध्यक्षता श्री महेन्द्र परिहार, विशिष्ट अतिथि श्री बाबूलाल परिहार, श्री सुरेन्द्र परिहार, श्री राकेश कुमार कौशिक, डॉ. भगवान सहाय शर्मा आदि द्वारा बाबासाहेब अम्बेडकर प्रतिमा को माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया। कार्यक्रम के दौरान निबंध प्रतियोगिता ,एकलनृत्य, नारा उदघोष आदि गतिविधियां की गई। डॉ. विक्रांत बोयत ने बाबा साहेब के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए।



**दिव्यांग बच्चों के लिये कूलर भेंट** : दिनांक 19 अप्रैल 2022 उम्मीद डे केयर सेन्टर पुष्कर में दिव्यांग बच्चों की सुविधा हेतु श्री धर्मेन्द्र नागौरा वार्ड पार्षद, पुष्कर द्वारा कूलर भेंट किया गया। सेन्टर प्रभारी श्री भंवरसिह गौड़ ने आभार व्यक्त किया। इस पुण्य कार्य में श्री पुखराज माली का विशेष सहयोग रहा।




**सेरेब्रल पॉल्सी विषय पर सेमीनार का आयोजन** : दिनांक 23 अप्रेल 2022, संस्था द्वारा संचालित सागर कॉलेज मे डी.एड व बी. एड विशेष शिक्षा मे अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार का विषय सेरेब्रल पॉल्सी प्रकृति, प्रकार, चिकित्सकीय हस्तक्षेपण रहा। सेमीनार का शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक, श्री राकेश कुमार कौशिक, श्रीमती क्षमा आर. कौशिक संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी, डॉ.. भगवान सहाय शर्मा, उपनिदेशक एच.आर.डी एवं सागर कॉलेज श्रीमती पद्मा चौहान, श्रीमती राजविन्दर कौर आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस सेमीनार मे 100 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया




**दिव्यांग बच्चो के के शिक्षण-प्रशिक्षण के लिए राट्रीय सेमिनार** : दिनांक 20 से 22 अप्रेल 2022, राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास लिलियाने फॉन्ड्स (नीदरलेण्ड) ओर जन विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान, जम्मु कशमीर, हरियाणा, गुजरात और उत्तराखण्ड की 12 संस्थाओ के 26 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संस्था से संयुक्त निदेशक अनुराग सक्सेना, अति.निदेशक श्री तरूण शर्मा, सहायक निदेशक श्री भंवर सिह गौड़ ने भाग लिया तथा श्रीमती क्षमा. आर कौशिक ने सम्मिलित शिक्षा कि समझ, सम्मिलित शिक्षा की चुनौतियां, युनिवर्सल डिजाइन फॉर लर्निंग विषय पर प्रशिक्षण में जानकारी दी ।




**अभिभावक मिटिंग आयोजन** : दिनांक 28 व 30 अप्रेल 2022, मीनू स्कूल चाचियावास में अभिभावक मिटिग का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ संस्था निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक एवं श्रीमती रेखा गुर्जर, श्रीमती केसर देवी, श्रीमती संजू गुर्जर, श्रीमती रेखा रावत, अति. निदेशक श्री तरूण शर्मा आदि द्वारा सरस्वती पूजन कर किया गया। मिटिंग में बच्चों के शिक्षण–प्रशिक्षण और विद्यालय मे उपलब्ध सुविधाओं व सेवाओं पर चर्चा की गई ।



**दिव्यांगजन समुह करेंगे बाल विवाह रोकने की पहल** : दिनांक 29 अप्रेल 2022, राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास द्वारा गांव देवनगर में देवकृपा सम्मिलित दिव्यांगजन समुह कि बैठक का शुभारम्भ सरपंच श्रीमती लाली देवी गुर्जर व समुह अध्यक्ष श्री रामलाल द्वारा किया गया जिसमें सभी ने ग्राम पंचायत में बाल विवाह रोकने का संकल्प लिया। संस्था के कम्युनिटी मोटीवेटर श्री पुखराज माली ने सभी का आभार व्यक्त कर सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया ताकि दिव्यांगजन ज्यादा से ज्यादा योजनाओं से लाभावित हो सकें।




**बाल विवाह जागरुकता सप्ताह** : संस्था द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन एवं एक्सेस टू जस्टिस प्रोजेक्ट के माध्यम से दिनांक 26 अप्रेल 2022 से 2 मई 2022 तक बाल विवाह रोकथाम जागरूकता सप्ताह मनाया गया। जागरूकता सप्ताह ग्रामीण व शहरी क्षेत्र दोनों स्थानों में आयोजित किया गया। सप्ताह का मुख्य उद्देश्य लोगो को बाल विवाह ना करने के प्रति जागरूक करते हुए इसके साथ ही बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर साझा कर बाल विवाह को रूकवाने के लिए बताया गया। संस्था टीम द्वारा बाल विवाह रोकथाम जागरूकता कार्य पपेट शो ,नुक्कड नाटक, कर किया गया।




**पुण्य स्मरण कार्यक्रम** : दिनांक 5 मई 2022, मीनू स्कूल चाचियावास में स्व. दिनेश शर्मा के पुण्य स्मरण के उपलक्ष्य में दिव्यांग बच्चों को अल्पहार व शीतल जलपान करवा कर सेवाकार्य संस्था मे किया गया इस अवसर पर श्रीमती मधुजी शर्मा, श्रीमती उपासना शर्मा, श्रीमती देवयानी, भगवती मशीन टूल्स ग्रेनाईट कम्पनी, अजमेर उपस्थित हुए।



**पुष्कर विधायक जन्म दिवस कार्यक्रम** : दिनांक 6 मई 2022, मीनू स्कूल चाचियावास में श्री सुरेश सिंह रावत विधायक, पुष्कर विधानसभा क्षेत्र का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया गया। कार्यकम में श्री नरेन्द्र सिंह चुंडावत जिला संयोजक, मिडिया भाजपा अजमेर, श्री हिमांशु विधानसभा प्रभारी, श्री सर्वेश्वर शास्त्री जिला संयोजक सोशल मिडिया प्रभारी, श्री अनुराग सक्सेना संयुक्त निदेशक आदि द्वारा साफा पहनाकर स्वागत किया गया। श्री विधायक ने दिव्यांग बच्चों के संग केक काटकर जन्म दिन की खुशी साझा की।




**बालश्रम व बन्धुआ मजदूरी के खिलाफ एक्शन मन्थ का आयोजन** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन तथा बचपन बचाओ आन्दोलन के सहयोग से संस्था द्वारा संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के अन्तर्गत दिनांक 1 मई 2022 से 12 जून 2022 तक बालश्रम व बन्धुआ मजदूरी के खिलाफ एक्शन मन्थ का आयोजन किया गया। मानव तस्करी विरोधी इकाई, चाइल्ड लाइन, श्रम विभाग व सम्बन्धित थानों के साथ मिलकर टीम के द्वारा अजमेर शहर के अलग अलग क्षेत्रो में हो रहे बालश्रम पर 15 कार्यवाही करवाकर 32 बच्चो को बालश्रम से मुक्त करवाया गया।



**मदर्स डे कार्यक्रम**: दिनांक 7 मई 2022 मदर्स डे कार्यक्रम के उपलक्ष्य में मीनू स्कूल के स्टेक होल्डर्स द्वारा 50 जोड़ी चप्पल वितरण की गई। मुख्य अतिथि रानूजी सांखला डी.पी.एस. विशिष्ट अतिथि श्री प्रदीप कच्छावा आदि ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया प्रधानाध्यापक श्रीईश्वर शर्मा व श्रीमती मंजूलाकंवर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। चरण पादुका मिलने से गरीब व दिव्यांग बच्चों को सुविधा होगी।



**जन्मदिन पर दिव्यांग बच्चों को अल्पहार वितरण** : दिनांक 10 मई 2022, मीनू स्कूल चाचियवास में मुशिंफ अली खान (प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष) ने बच्चों संग केक काटकर अल्पाहार करवाया। इस अवसर पर श्री सर्वेश्वर शास्त्री (जिला संयोजक सोशल मिडिया भाजपा, अजमेर, देहात) द्वारा मुंशिफ अली खान का साफा पहनाकर स्वागत किया।



**सैन्स इन्टरनेशनल द्वारा प्रशिक्षण में भागेदारी** दिनांक 19 से 21 मई 2022 संस्था की ओर से सहायक निदेशक, श्री भंवर सिह गौड़ व सी.बी.आर. कार्यकर्ता श्री संदीप रावल ने सेन्स इन्टरनेशन इण्डिया द्वारा अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य रूप से दिव्यांग बच्चों की काउंसलिंग के तरीके बताए गए।



**समानता दिव्यांगो का अधिकार** : दिनांक 13 से 16 मई 2022 तक सागर कॉलेज के डी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा सी. बी. आर. प्रोग्राम में विभिन्न नुक्कड़ नाटकों के द्वारा जनमानस तक विकलांगता के बारे मे जानकारी पहुँचाई गई। विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों द्वारा जन समुदाय के बीच में जाकर नुक्कड़ नाटकों का प्रदर्शन किया गया एवं समाज में से विकलांगता का भेद मिटाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में संस्था निदेशक, श्री राकेश कुमार कौशिक, डॉ. भगवानसहाय शर्मा उपनिदेशक एच.आर.डी., श्रीमति पदमा चौहान फेकल्टी, श्रीराजकुमार सुनारीवाल ,सी.बी.आर. कार्यकर्त्ता आदि ने भाग लिया




**क्षमतावर्धन प्रशिक्षण का आयोजन** : दिनांक 18 व 19 मई 2022 राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास की ओर से स्टॉफ क्षमता वर्धन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमें सी.बी.आर टीम व सागरकॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य टीम के द्वारा वर्तमान में किए जा रहे कार्य में सुधार लाना था ताकि दिव्यांगजन को और अधिक गुणवत्ता के साथ लाभान्वित किया जा सके।



**शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन** दिनांक 24 से 26 मई 2022 तक सागर कॉलेज, चाचियावास के प्रशिक्षणार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। अहमदाबाद स्थित ब्लाइन्ड पिपुल एसोसिएशन व माउन्ट आबू में भ्रमण किया जहाँ प्रशिक्षणार्थियों द्वारा वहाँ हो रहे कार्य को गहराई से जाना गया। भ्रमण में 27 प्रशिक्षणार्थियों तथा सागर कॉलेज के स्टाफ डॉ. भगवान सहाय शर्मा एवं श्रीमती पद्मा चौहान ने भाग लिया।




**आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रशिक्षण** दिनांक 24 से 27 मई 2022, राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास की ओर से 4 दिवसीय प्रशिक्षण में 149 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि श्री रामपाल जाट, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्रधिकरण ,अजमेर एवं विशिष्ट अतिथि श्री विजय कुमार, उप निदेशक, महिला एवं बाल विकास विभाग अजमेर, श्री नोरत गुर्जर महासचिव, जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर, श्रीमती रश्मि हिंगरोनी, श्री विनोद कुमार तंवर वार्ड पार्षद नगर निगम अजमेर, श्री हरिश कुमार समाज सेवी अजमेर, श्री सर्वेश्वर पारीक मनोनीत वार्ड पार्षद नगर निगम अजमेर, डॉ. मनीष शर्मा सहायक आचार्य जे.एल.एन. अजमेर आदि उपस्थित रहे।




**विश्व बाल श्रम प्रतिकार जागरुकता सप्ताह** : दिनांक 6 से 12 जून 2022 को चाइल्ड लाइन टीम ने विश्व बालश्रम प्रतिकार जागरूकता सप्ताह में वाहन रैली निकाली। रैली को एडिशनल एस.पी. श्री धर्मवीर जानू के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। मानव तस्करी विरोधी इकाई कार्यालय, कोतवाली थाना, चुड़ी बाजार, नला बाजार आदि क्षेत्रों में वाहन पर लाउड स्पीकर से बाल श्रम प्रतिकार के नारे चलाकर दुकानदारो, ठेले वालो को बालश्रम के प्रति जागरूक किया गया।




**दिव्यांग बच्चों ने राज्य स्तरीय खेलों में दिखाई प्रतिभा** दिनांक 23 मई 2022 मीनू स्कूल चाचियावास, संजय इन्क्लूसिव स्कूल ब्यावर एवं समुदाय आधारित पुनर्वास कार्यक्रम, अजमेर के दिव्यांग बच्चों ने स्पेशल ऑलम्पिक भारत के तत्वाधान में आयोजित खेलों में भाग लेने हेतु अपनी प्रतिभा दिखाई। नेशनल टीम चयन हेतु आशा का झरना संस्था नवलगढ (झुंझुनु ) में 7 एथलिट बच्चों ने 100मी., 200मी., जैविलिन थ्रौ एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्था की ओर से श्रीमती मंजूला कंवर व श्री सीताराम ने कोच के रूप में भाग लिया।



**तंबाकू मुक्त जीवन जीने की ली शपथ** दिनांक 31 मई 2022 राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन किया गया सभी संस्था कार्यकर्ताओं ने तंबाकू मुक्त जीवन जीने की शपथ ली। कार्यक्रम का संचालन उपनिदेशक श्री नानूलाल प्रजापति द्वारा किया गया। निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक ने तम्बाकू से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।



**अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम** दिनांक 21 जून 2022 को केन्द्रिय विश्वविद्यालय किशनगढ़ में आयोजित 8वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में श्रीमती क्षमा. आर .कौशिक व श्री राकेश कुमार कौशिक सहित संस्था कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. समप्रसाद विनोद फिजिशियन, वैज्ञानिक एवं साधक ने मेडिटेशन का सेशन लिया। प्रो. डॉ. जगदीश जाधव व श्रीमती स्वाति जाधव द्वारा यूनिवर्सिटी का विजिट करवा कर विश्वविद्यालय परिसर के साथ–साथ शैक्षणिक कार्यक्रमो की जानकारी दी।



## दिनांक : 12 मई 2022 : राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास के संस्थापक स्व. श्री सागर मल कौशिक (बाबूजी) की पुण्य तिथि पर संस्था द्वारा पुष्पांजली, परिण्डा वितरण एवं व्याख्यानमाला, श्रृद्धांजली कार्यक्रम एवं दिव्यांगों के लिए निः शुल्क हेल्प लाइन प्रारम्भ की गई।











संस्था परिसर स्थित सागर स्नेह वाटिका में स्व. सागरमल कौशिक ''बाबूजी'' की प्रतिमा पर उनकी धर्म पत्नी श्रीमती गीता देवी, संस्था सचिव एवं मुख्य कार्यकारी क्षमा आर. कौशिक, निदेशक राकेश कुमार कौशिक एवं समस्त संस्था कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की। पुण्य तिथि के अवसर पर सागर सृजन सभागार में सतत् विकास लक्ष्य 2030 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। व्याख्यानमाला में केन्द्रीय विश्व विद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जगदीश जाधव ने सतत् विकास एवं इसके तहत निर्धारित लक्ष्यों को समझाते हुए इनके परिपेक्ष्य में देश की स्थिति के बारे में जानकारी दी। बाल साहित्यकार श्रीमति पूनम पाण्डे ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में बाल साहित्य एवं कविता तथा कहानी के महत्व के बारे में बताया। वरिष्ठ लेखक एवं चिंतक पं. रामस्वरूप ने संविधान की प्रस्तावना में लिखित न्याय, समता, स्वाधीनता, सम्प्रभुता व बन्धुता आदि शब्दों के आधार पर आत्मीयता, प्रामाणिकता, योग्यता, मातृधन्यता एवं उदारता जैसे पंचशील के आधार पर जीवन को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. स्वाति जाधव ने बाबूजी के सम्पूर्ण जीवन को सीखने योग्य बताया। व्याख्यानमाला कार्यक्रम का संचालन नानूलाल प्रजापति ने किया तथा अनुराग सक्सेना, नेमीचन्द वैष्णव, तरूण शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, भंवरसिंह गौड़, सत्तार मोहम्मद, लक्ष्मण सिंह चौहान, पद्मा चौहान, श्रेया शर्मा, ईश्वर शर्मा, श्याम लाल प्रजापत, सागर कॉलेज के स्टाफ एवं छात्र–छात्राओं ने अपनी उपस्थिति दी। बाबूजी के प्रकृति प्रेम को देखते हुए भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए संस्था कार्यकर्ताओं को परिण्डे वितरण किए।

**पुण्य तिथि के अवसर पर संस्था द्वारा दिव्यांगजन की मदद के लिए निः शुल्क हेल्पलाइन की शुरुआत की गई जिसके तहत कार्यालय समय में ''9351233544'' मोबाइल नम्बर पर कॉल करके दिव्यांगजन उनसे जुड़ी हुई सेवाओं के बारे में जानकारी एवं परामर्श ले सकेंगे।**

समस्याएं अनेक-समाधान एक

# हेल्प लाईन
## हम से जुड़िये
## 9351233544

**कॉल करने का समय : प्रात 10.00 से सांय 05.00 बजे (रविवार अवकाश)**

### निम्न सेवाओं के बारे में जानकारी

- पेरेन्टस एण्ड चाइल्ड काउंसलिंग
- नियमित ओ.पी.डी
- फिजियो, स्पीच, साईको और ऑक्यूपेशनल थैरेपी
- **सामाजिक सुरक्षा योजनाएं :** विकलांग पेंशन, विकलांगता प्रमाण-पत्र, यू.डी.आई.डी. कार्ड, जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, संरक्षकता प्रमाण-पत्र, निरामया स्वास्थ्य बीमा, पालनहार, आस्था कार्ड, रेल पास,



MINU SCHOOL, AJMER
LET'S LEARN TOGETHER
मीनू इन्क्लूसिव स्कूल, चाचियावास

SANJAY SCHOOL, BEAWER
All Children Can Learn
संजय इन्क्लूसिव स्कूल, ब्यावर

Advait
अद्वैत- सेन्टर फॉर एक्सीलेन्स इन एज्यूकेशन एण्ड थैरेपी, सी-ब्लॉक, पंचशील नगर, क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के पास, माकड़वाली रोड़, अजमेर-305004, मो. 9351233541

The Ray Of Hope
उम्मीद, डे-केयर सेन्टर, पुष्कर

- बच्चों में पढ़ने-लिखने सम्बन्धी समस्या।
- कक्षा स्तर की पढ़ाई नहीं कर पाना।
- ध्यान नहीं लगना, एक जगह स्थिर नहीं बैठना।
- तुतलाना, स्पष्ट उच्चारण नहीं कर पाना।
- चलने सम्बन्धी समस्या।
- जिद्द करना
- चीखना/गुस्सा करना।
- सुनने सम्बन्धी समस्या है।
- बोलने सम्बन्धी समस्या है जैसे हकलाना

**: संचालन :**

## राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास
**(सामुदायिक विकास के लिये सन् 1975 से कार्यरत)**

''विश्वामित्र आश्रम'' गाँव चाचियावास, सीकर रोड़, जिला अजमेर 305023
ई-मेल: rmkm_ajm@yahoo.com, वेबसाइट: www.rmkm.org.in

Follow us /RMKM.Chachiyawas /rmkm.ajmer /rmkmchachiyawas

# घरेलू बालश्रम रोकथाम जागरूकता पम्पलेट विमोचन




संस्था द्वारा नोबल पुरस्कार विजेता श्री कैलाश सत्यार्थी जी के फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस परियोजना एवं चाइल्ड लाइन टीम के द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 8 जून 2022 को घरेलू बालश्रम की जागरूकता के सन्दर्भ में बनाये गये पम्पलेट का विमोचन करवाया गया। मानव तस्करी विरोधी इकाई व श्रम विभाग द्वारा विश्व बालश्रम प्रतिकार जागरूकता सप्ताह मे पंचशील बी ब्लाक, चाइल्ड लाइन आफिस से गणेश गुवाड़ी तक घर – घर जाकर लोगो को बच्चो से बालश्रम नही करवाने के प्रति जागरूक करते हुए घरूलू हिंसा नही करने के लिए समझाया गया। साथ ही संस्था मुख्य कार्यकारी श्रीमती क्षमा आर कौशिक, निदेशक श्री राकेश कुमार कौशिक, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउण्डेशन प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री नानूलाल प्रजापति, मानव तस्करी विरोधी इकाई प्रभारी श्री अशोक विश्नोई व टीम, संभागीय श्रम आयुक्त श्री विश्वेश्वर चौधरी द्वारा घरो के बाहर पेम्पलेट चिपकाऐ व बांटे गये ओर बालश्रम कानून की जानकारी दी गई। चाइल्ड लाइन शहर समन्वयक श्री कुशाल सिंह रावत, केन्द्र समन्वयक सुश्री वनिता पंवार, टीम से प्रेमनारायण, ताज शेख, कलिम खान, प्रेमसुख टॉक, दीपक जोरम, योगिता गौड़, चित्रलेखा राज आदि ने कार्य किया ।






**क्या आपको पता है ?**
**घरेलु कामों में लगाए गए 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे भी बाल मजदूर की श्रेणी में आते है। बाल मजदूर के नियोक्ता को अधिकतम तीन वर्ष की सजा व 50 हजार रुपये का जुर्माना हो सकता है।**




**बचपन पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए है कमाने के लिए नहीं**

**बालश्रम की रोकथाम के लिए 1098 नम्बर पर जानकारी दें।**

चाइल्ड लाइन 1098 रात – दिन
SATYARTHI
KAILASH SATYARTHI CHILDREN'S FOUNDATION

राजस्थान महिला कल्याण मण्डल, चाचियावास (अजमेर)
फोन नं. 0145–3551303 मो. नं. 9351233501

# राजकीय सेवा में चयनित विशेष शिक्षको का सम्मान

## सागर कॉलेज, चाचियावास से चयनित हुए 40 से अधिक शिक्षक




दिनांक 20 जून 2022 को राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास के द्वारा संचालित सागर कॉलेज के प्रशिक्षणार्थियों को राजकीय सेवा में विशेष शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिलने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। संस्था निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने बताया कि संस्था द्वारा संचालित सागर कॉलेज के माध्यम से विशेष शिक्षा में दो वर्षीय डिप्लोमा एवं बी.एड. के पास आउट 40 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का 2018 व 2021 की शिक्षक भर्ती में विशेष शिक्षक के रूप में चयन होने पर उन्हें संस्था द्वारा सागर–सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान नवनियुक्त विशेष शिक्षक सुनिता सारण, सुरज्ञान, राजेन्द्र सिंह, आशाराम, मुन्शाराम व अशोक ने कॉलेज के अध्ययन के दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कॉलेज के अनुशासन एवं अध्ययन के अनुकूल वातावरण के साथ–साथ फेकल्टी के उचित मार्गदर्शन का ही नतीजा है कि हम आज सफलता की सीढ़ी चढ़ पाए है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ. अनन्त भट्नागर ने दिव्यांग बच्चों के लिए संवेदनशीलता एवं सेवाभाव के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विश्वम्बर दयाल बुनकर प्रभारी समग्र शिक्षा अजमेर ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए समुदाय से दिव्यांगों के प्रति भेद को मिटाने के लिए काम करने की आवश्कता पर जोर दिया। समग्र शिक्षा विभाग की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गरिमा रायजादा ने सभी को सफल होने पर बधाई दी। निदेशक राकेश कुमार कौशिक ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में सागर कालेज के डॉ. भगवान सहाय शर्मा, पद्मा चौहान, राजविन्दर कौर, विक्रान्त बोयत एवं संस्था के अनुराग सक्सेना, तरूण शर्मा, नानूलाल प्रजापति, लक्ष्मण सिंह चौहान, ईश्वर शर्मा व रोहित ने व्यवस्थापन एवं संचालन में सहयोग किया।



# "विशेष शिक्षा में बी.एड. प्रवेश प्रारम्भ वर्ष 2022-24"

## राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ कॉलजों में एक





**मात्र 30 सीटें**

### उपलब्ध सेवाएं

- प्रशिक्षित व अनुभवी फैकल्टी
- स्मार्ट क्लास रूम
- आवासीय गर्ल्स एवं बॉयज हॉस्टल
- डिजिटल लाईब्रेरी
- स्पोर्टस/गेम्स
- उत्कृष शैक्षणिक वातावरण
- रोजगारपरक कोर्स
- गहन व्यावहारिक प्रशिक्षण

**योग्यता**

B.A., B.Sc. & B. Com Passed with 50% Marks For SC,ST, OBC 45% Marks

सम्बद्धता : महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर अनुमोदन : भारतीय पुनर्वास परिषद, नई दिल्ली ( भारत सरकार )

**रोजगार के अवसर**

सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं में विशेष शिक्षक में चयन एवं केन्द्रीय विद्यालय/समावेशित विद्यालयों में शिक्षक के रूप नियुक्ति

## सागर कॉलेज , चाचियावास

संचालन :–राजस्थान महिला कल्याण मण्डल चाचियावास

"विश्वामित्र आश्रम" गांव चाचियावास सीकर रोड़ अजमेर– 305023

ई–मेल : sagarcollegeajmer@gmail.com

सम्पर्क करे :-

9414832350, 9351233501

Follow us /RMKM.Chachiyawas /rmkm.ajmer /rmkmchachiyawas

मुद्रित सामग्री | बुक पोस्ट

## राजस्थान महिला कल्याण मण्डल

"विश्वामित्र आश्रम"

ग्राम–चाचियावास, (जनाना अस्पताल से 4 किमी आगे), सीकर रोड, जिला–अजमेर 305023 (राज.)

E-mail : rmkm_ajm@yahoo.com Ph.# : 0145-2794481

Mob. : 9351233501 Website www.rmkm.org.in

सौजन्य : Vibha

मुद्रक : प्रगति प्रिन्टर्स, पुरानी मंडी, अजमेर